विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव,
मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 06 सितम्बर, 2023 के मध्य श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों को स्थाई तथा कितने व्यक्तियों को अस्थाई रोजगार के अवसर प्राप्त हुये है? | निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से प्रदेश के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों(जॉब सीकर्स) को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जाता है। 01 जनवरी, 2023 से 06 सितम्बर, 2023 के मध्य सेवायोजन विभाग द्वारा 1,084 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से 94,696 अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु चयनित कराया गया। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

अनिल राजभर
मंत्री
श्रम एवं सेवायोजन